# इतिहास विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में दिनांक 27 मार्च 2025 को इतिहास विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें देहली ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट लॉ, जसाना फरीदाबाद विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती सोनिया भाटी (नेट) ने विषय "इतिहास विषय में करियर के विकल्प" पर अपने विचार व्यक्त किए । यह व्याख्यान महाविद्यालय और अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता जी और महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एडवोकेट की सदप्रेरणा और महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में हुआ। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० सुप्रिया ढांडा और श्री गौरव गुप्ता ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। दीपशिखा प्रज्वलित करने के उपरांत मुख्य वक्ता सोनिया भाटी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इतिहास विषय के विद्यार्थियों के पास कैरियर और अपनी व्यवस्था के लिए अनगिनत ऑप्शन होते हैं। इतिहास विषय को मुख्यतौर पर आगे तीन भागों में विभक्त किया गया है- आर्कियोलॉजी, म्यूजियोलॉजी और पूरालेख अध्ययन। इतिहास में डिग्री लेने के पश्चात विद्यार्थी इन तीनों में से किसी भी फील्ड में विशेषज्ञता कर सकते हैं। रिसर्च और फील्ड स्टडी, पुरालेख वेता, सिक्का अध्ययन स्टडी विशेषज्ञ जैसे क्षेत्र में भी इतिहास के विद्यार्थी के लिए असीम संभावनाएं हैं। इसके अतिरिक्त इतिहासकार प्रोफेसर, पुरालेख, पुरातत्व वेत्ता, यूपीएससी, पीसीएस, शोध और अभिलेखागार के क्षेत्र में अनेक रोजगारों के ऑप्शन हैं । अंत में विद्यार्थियों ने इस विषय से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे जिनका मुख्य वक्ता ने संतोषजनक जवाब दिया । इस अवसरपर बी०ए के इतिहास विषय के 100 विद्यार्थी व इतिहास विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मंच संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने किया। अंत में इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।